
RNI No. MAHBIL/2018/76064

For "internal circulation only"

PURVANCHAL UTTHAN TRUST
Enabling Independence

# पूर्वांचल संगम

• Bilingual • Quarterly • July To September- 2019 • Volume 1 • Issue-3



## उद्यमिता एवं आर्थिक विकास

विशेषांक











## सफलता की ५ गाथाएं

PURVANCHAL UTTHAN TRUST

Enabling Independence

'शिक्षा' की युवा सोच


## साकेत ज्ञानपीठ द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान

- साकेत एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन – कल्याण पूर्व
- साकेत विद्या मंदिर इंग्लिश हाई स्कूल
- साकेत कला विज्ञान एवं वाणिज्य कनिष्ठ और वरिष्ठ महाविद्यालय
- प्रमोद राम उजागर तिवारी साकेत इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट (MMS और पीएचडी केंद्र )
- साकेत कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन
- साकेत इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग
- साकेत इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफ़ेशनल ट्रेनिंग एंड स्किल डेवलपमेंट.
- द योग इंस्टिट्यूट–साकेत कैंपस




**साकेत तिवारी**
सचिव
साकेत ज्ञानपीठ

# साकेत ज्ञानपीठ
# शिक्षा का वट वृक्ष!



Founder Chairman
**Dr. Ramujagar Tiwari**




Founder Secretary
**Pramod R. Tiwari**

महाराष्ट्र में पूर्वांचल से आये लोगों द्वारा स्थापित अनेक शिक्षण संस्थाओ के तहत कई विद्यालयों और महाविद्यालयों को चलाया जा रहा है पर कल्याण पूर्व चिंचपाड़ा रोड साकेत विद्या नगरी में साकेत ज्ञानपीठ द्वारा संचालित साकेत विद्या मंदिर इंग्लिश हाई स्कूल, साकेत कला विज्ञान एवं वाणिज्य कनिष्ठ और वरिष्ठ महाविद्यालय, साकेत इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग, साथ ही कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन एवं प्रमोद राम उजागर तिवारी साकेत इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के माध्यम से पूर्व प्राईमरी से लेकर पोस्टग्रैजुएशन शोध और रिसर्च उपाधि तक की शिक्षा में हज़ारों छात्र – छात्राओं को शिक्षा देने वाला शिक्षण संस्थान साकेत ज्ञानपीठ अल्प समय में शिक्षा का वट वृक्ष बन चुका है।

साकेत ज्ञानपीठ के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर स्वर्गीय राम उजागर तिवारी और संस्थापक महासचिव स्वर्गीय प्रमोद आर तिवारी के बाद संस्था के वर्तमान अध्यक्ष श्री विनोद आर तिवारी, सचिव श्री साकेत कुमार तिवारी, न्यासी श्री अनिल तिवारी श्री जयेश तिवारी और श्री शैलेश

> साकेत शिक्षण संकुल में शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियो के चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास, संस्कारों से परिचय और आधुनिक युग के कौशल्य के विकास के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रतिभाशाली छात्रों को आर्थिक चुनौतियों के कारण पीछे न हटना पडे इसके लिए हर संभव मदद्द की जाती है। – साकेत तिवारी (सेक्रेटरी)




Chairman Vinod R. Tiwari with Suhas Pednekarji
(Vice Chancellor - University of Mumbai)




**International Conference - Saket Campus**
Dr. Ganesh A. Hegde ( Dy. Advisor-NAAC) with
Chairman - Vinod R. Tiwari



**Inauguration of MBA and Ph.D Centre**
Dr. V.N.Magre - Pro-Vice Chancellor - SNDT, Dr. M.G.Shirahatti
Former Chairman-Board of Studies in Management.,Univ.Of Mumbai




**Official Tie-up with The Yoga Institute.**
Dr.Hansa Yogendra - Director of The Yoga Institute with Saket Tiwari.

तिवारी काफ़ी निपुणता पूर्वक सभी शिक्षण संस्थाओ को संचालित कर रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में साकेत ज्ञानपीठ प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। अध्यक्ष श्री विनोद आर तिवारी का कहना है कि हमारे पिताजी बाबूजी स्वर्गीय डॉक्टर राम उजागर तिवारी और भाई स्वर्गीय प्रमोद तिवारी के कल्याण पूर्व क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं के अभाव में बहुत से बच्चों को दूर के परिसरों में जाने को मजबूर होते हुए देखकर उन्होंने कल्याण पूर्व क्षेत्र के बच्चों को कल्याण पूर्व में ही उन्हें केजी से लेकर पीएचडी तक की शिक्षा दिलाने का संकल्प लिया और **ज्ञानम अनंतम** के थीम पर साकेत ज्ञानपीठ का शुभारम्भ किया।

साकेत विद्या मंदिर के माध्यम से चंद नन्हें मुन्ने बच्चों को शिक्षा दिलाना प्रारंभ किया और धीरे धीरे इसका विस्तार होता गया। आज साकेत ज्ञानपीठ द्वारा संचालित कई शिक्षण विधाओं में हज़ारों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर अपना जीवन उज्ज्वल बना चुके हैं। हज़ारों विद्यार्थी शिक्षारत होकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने में लगे हुए हैं।

**पूर्वांचल संगम** से बातचीत में संस्था के सचिव **श्री साकेत तिवारी** ने कहा कि साकेत शिक्षण संकुल में शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है और यहाँ के सभी शिक्षक गण सुयोग्य तो एवं शिक्षित हैं। साकेत शिक्षा संकुल में व्यायाम शाला, वाचनालय, खेल कूद मैदान,कला सभागार, कैंटीन की भी उचित व्यवस्था कराई गई है। यही नहीं साकेत शिक्षण संकुल के प्रांगण में विद्या की देवी वाणी और बुद्धि के दाता गणेश यानी वाणी–विनायक मंदिर का निर्माण करवाया गया है। साकेत शिक्षण संकुल शिक्षण से संबंधी सभी सुविधाओं की सुसज्जित है। साकेत शिक्षण संकुल में कभी भी बिजली की समस्या उत्पन्न न हो इसको ध्यान में रखते हुए ३० घ.थ.सौर उर्जा प्रकल्प भी लगवाया गया है। बेहतर पर्यावरण के लिए शिक्षा संकुल में हरे भरे हज़ारों पेड़ पौधे लगाए गए हैं। साकेत कुमार तिवारी ने बताया कि साकेत स्कूल, कनिष्ठ और वरिष्ठ महाविद्यालय,साकेत मैनेजमेंट इन्स्टीट्यूट आदि में समय समय पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता रहता है। साकेत ज्ञानपीठ द्वारा संचालित सभी विधाओं में शिक्षण कार्य सेवा–भाव से किया जाता है। इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफ़ेशनल ट्रेनिंग एंड स्किल डेवलपमेंट द्वारा स्किल ओरिएंटेड प्रोग्राम को प्रेरित किया जाता है और युवाओं को नौकरी के लिए तैयार किया जाता है। साकेत ज्ञानपीठ का उद्देश्य युवा पीढ़ी को स्वावलम्बी बनाना, रोजगार के लिए कौशल्य का निर्माण और उद्यमिता की भावना जगाना भी है। साकेत ज्ञानपीठ द्वारा संचालित सभी संस्थाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे ग़रीब ज़रूरतमंद छात्र छात्राओं की हर संभव मदद की जाती है।

योग के प्रति जागरूकता के प्रसार के साथ प्रशिक्षित योग शिक्षकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए **द योग इंस्टिट्यूट** की शुरुवात की गई है जहाँ टीचर्स ट्रेनिंग सर्टिफिकेशन जो की आयुष मंत्रालय , भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त है , प्रदान किया जायेगा। साकेत का मानना है कि शिक्षण की विश्वस्तरीय गुणवत्ता हमारे शिक्षण संस्थानों में सहज उपलब्ध होने चाहिए और यह हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है।